# BROTHERS FROM CHICHIBABA


**PROF. D.P. SENGUPTA**

**Illustrations : Sumantra Sengupta**


DEDICATED TO THE KARGIL ORPHANS OF INDIA AND PAKISTAN

“ON THE SEASHORE OF ENDLESS WORLDS CHILDREN MEET.
THE SKY IS MOTIONLESS OVERHEAD
AND THE RESTLESS WATER IS BOISTEROUS.
ON THE SEASHORE OF ENDLESS WORLDS
THE CHILDREN MEET WITH SHOUTS AND DANCES.”

TAGORE

---

# चीचीबाबा के भाई


कहानी: डी पी सेनगुप्ता

चित्रांकन: सुमंत्र सेनगुप्ता

हिंदी अनुवाद: अरविन्द गुप्ता



प्रकाशक: एकलव्य ई-7-453 अरेरा कालोनी, भोपाल 462016 (म प्र) भारत, मूल्य 20 रुपए


**कारगिल युद्ध के दौरान भारत और पाकिस्तान में अनाथ हुए बच्चों को समर्पित**

संसार सागर के किनारे
बच्चों की भीड़ लगी है
शीश पर अचंचल अंतहीन गगन तल है
और गहरा फेनिल जल प्रतिक्षण नाच रहा है
तट पर कितना कोलाहल हो रहा है
बच्चों की भीड़ लगी है
वे बालू के घरौंदे बना रहे हैं
सीपियों से खेल-खेल रहे हैं
विपुल नील सलिल पर
पत्तों को गूंथ-गांथकर खेल-खेल में बनाई गई
उनकी टिकटी तैर रही है
संसार सागर के किनारे
बच्चों की भीड़ लगी है
आकाश में अंधेरा चक्कर काट रहा है
सुदूर जल में नाव डूब रही है
मरण-दूत गतिवान है
बच्चे खेल रहे हैं
संसार सागर के किनारे
शिशुओं का महा-मेला लगा हुआ है....

रवीन्द्रनाथ टैगोर

IN A DISTANT LAND CALLED CHICHIBABA THERE LIVED TWO BROTHERS. ONE WAS CALLED GURUK AND THE OTHER WAS CALLED TURUK. THEY LOVED EACH OTHER VERY MUCH. THE ONLY THING THEY USED TO FIGHT ABOUT WAS THAT GURUK WAS RIGHT HANDED AND TURUK WAS LEFT HANDED.

GURUK ATE WITH HIS RIGHT HAND AND WROTE WITH HIS RIGHT HAND.

BUT TURUK ATE WITH HIS LEFT HAND AND WROTE WITH HIS LEFT HAND.



दूरदराज एक देश था, नाम था जिसका चीचीबाबा। वहां दो भाई रहते थे। एक का नाम था गुरुक और दूसरे का टुरुक। दोनों एक-दूसरे को बहुत प्यार करते थे। बस एक बात को लेकर उन दोनों में हमेशा ठन जाती - गुरुक सब काम बाएं हाथ से करता था, टुरुक दाएं हाथ से।

गुरुक हमेशा बाएं हाथ से खाना खाता था और बाएं हाथ से ही लिखता था।

टुरुक हमेशा दाएं हाथ से खाना खाता था और दाएं हाथ से ही लिखता था।

---

GURUK THOUGHT THAT HE DID THE RIGHT THING AND TURUK WAS WRONG. TURUK THOUGHT HE WAS RIGHT AND GURUK WAS WRONG. SOMEDAY THEY WOULD ARGUE ABOUT WHO WAS RIGHT AND WHO WAS WRONG AND GET INTO A FIGHT.

GURUK WOULD BEAT TURUK WITH HIS RIGHT HAND AND TURUK WOULD BEAT GURUK WITH HIS LEFT HAND.



गुरुक सोचता कि वह सही काम कर रहा है और टुरुक गलत है। टुरुक सोचता कि वह सही है और गुरुक गलत। कौन सही है और कौन गलत?

इस बात को लेकर दोनों भाइयों में बहस छिड़ जाती। वे लड़ने लगते।

तब गुरुक टुरुक को बाएं हाथ से घूंसा मारता और टुरुक गुरुक को दाएं हाथ से मुक्का मारता।

BUT THEY WOULD SOON STOP FIGHTING.

GURUK WOULD PUT HIS RIGHT ARM AROUND TURUK, TURUK WOULD PUT HIS LEFT ARM AROUND GURUK, AND THE TWO WOULD GO FOR A WALK, LAUGHING AND TALKING ALL THE WAY.



परंतु उनकी लड़ाई जल्द ही बंद भी हो जाती।

फिर गुरुक अपना बायां हाथ टुरुक के गले में डालता और टुरुक अपना दायां हाथ गुरुक के गले में। और फिर दोनों भाई हंसते, बतियाते, खिलखिलाते हुए सैर करने निकल जाते।


---

YEARS PASSED. GURUK AND TURUK HAD GROWN INTO MEN AND RULED OVER THE LAND. THEY STILL ARGUED AND QUARELLED BUT LOVED EACH OTHER. THERE WERE ALSO OTHER RIGHT-HANDED AND LEFT-HANDED PEOPLE IN THE LAND WHO FOUGHT AMONG THEMSELVES WHEN GURUK AND TURUK FOUGHT EACH OTHER.



इस तरह कई साल बीत गए। गुरुक और टुरुक बड़े हुए और अपने देश पर राज करने लगे। वे अब भी कभी-कभी बहस करते और लड़ते, परंतु दोनों एक-दूसरे को बहुत प्यार भी करते थे। उस देश में कुछ और लोग भी थे जो या तो दाएं हाथ से काम करते थे या फिर बाएं हाथ से। जब गुरुक और टुरुक के बीच लड़ाई होती तो ये लोग भी आपस में लड़ते थे।

**ONE DAY THEIR FIGHT WENT ON FOR A WHILE AND A WICKED MAN CALLED TOMTOM WHO WAS VISITING THEM FROM A DISTANT LAND SAID, "YOU BETTER LIVE APART," AND THEIR LAND WAS DIVIDED AND A WALL WAS RAISED, SEPARATING THE TWO BROTHERS.**




एक बार दोनों भाईयों के बीच लंबी लड़ाई चली। उन दिनों दूर देश से एक चालाक आदमी टौमटौम उनके पास आया हुआ था। उसने कहा, 'तुम दोनों को अब अलग-अलग रहना चाहिए।'

और फिर एक लंबी दीवार से उनका देश दो हिस्सों में बंट गया। दोनों भाई अलग-अलग रहने लगे।

---

**GURUK'S LAND WAS NAMED CHINCHIN AND TURUK'S LAND WAS NAMED CHINCHUN. ALL RIGHT-HANDED PEOPLE MOVED TO CHINCHIN. ALL LEFT-HANDED PEOPLE MOVED TO CHINCHUN. THEIR FAMILIES GREW BUT SOME LEFT-HANDERS WERE BORN AMONG THE RIGHT-HANDERS AND SOME RIGHT-HANDERS WERE BORN AMONG THE LEFT-HANDERS.**



गुरुक के देश का नाम चिनचिन और टुरुक के देश का नाम चिनचुन पड़ा। बाएं हाथ से काम करने वाले सब लोग चिनचिन चले गए। दाएं हाथ से काम करने वाले सभी लोग चिनचुन चले गए। समय के साथ-साथ उनके परिवार बढ़े। कुछ दाएं हाथ वाले परिवारों में बाएं हाथ से काम करने वाले बच्चे पैदा हुए तो कुछ बाएं हाथ वाल परिवारों में दाएं हाथ से काम करने वाले।

TOMTOM USED TO VISIT CHINCHIN AND CHINCHUN FROM TIME TO TIME.

“BE CAREFUL ABOUT TURUK,” TOMTOM WOULD TELL GURUK, “I SHALL GIVE YOU A NEW RIGHT-HANDED CATAPULT TO PROTECT YOURSELF,” AND HE TOOK A LOT OF MONEY FROM GURUK FOR THE CATAPULT THAT HE SOLD HIM.



टौमटौम समय-समय पर चिनचिन और चिनचुन आता-जाता रहता था। ‘तुम जरा टुरुक से सावधान रहनाए’ टौमटौम गुरुक से कहता।

‘मैं तुम्हें एक नई बाएं हाथ वाली गुलेल दूंगा, जिससे तुम अपनी रक्षा कर सको।’

इस तरह टौमटौम ने गुरुक से लिए ढेर सारे पैसे लिए।

---


“BE CAREFUL OF GURUK,” TOMTOM TOLD TURUK, “I SHALL GIVE YOU A NEW LEFT-HANDED CATAPULT TO PROTECT YOURSELF,” AND HE COLLECTED A LOT OF MONEY FROM TURUK.



उधर टौमटौम ने टुरुक से कहा, ‘तुम जरा गुरुक से सावधान रहना। मैं तुम्हें एक नई दाएं हाथ वाली गुलेल दूंगा। जिससे तुम अपनी हिफाजत कर सको।’

और टौमटौम ने टुरुक से भी खूब सारा धन वसूला।

**AS WE ALL KNOW, THERE IS NO DIFFERENCE BETWEEN A RIGHT-HANDED CATAPULT AND A LEFT-HANDED CATAPULT. THEY ARE EXACTLY THE SAME.**



जैसा कि हम सब लोग जानते हैं, दाएं हाथ वाली गुलेल और बाएं हाथ वाली गुलेल में कोई अंतर नहीं होता।

दोनों एकदम एक-जैसी होती हैं।

---

**PROUD OF HAVING A CATAPULT, GURUK WENT NEAR THE WALL AND SHOWED IT TO TURUK.**

**TURUK PRETENDED HE HAD NOT SEEN GURUK'S CATAPULT BUT HE DISPLAYED HIS CATAPULT AND MADE SURE GURUK HAD SEEN IT.**




गुलेल मिलते ही गुरुक घमंड में टुरुक को अपनी गुलेल दिखाने दीवार के पास गया।

टुरुक ने कुछ इस तरह का नाटक किया जैसे उसने गुरुक की गुलेल देखी ही न हो। परंतु उसने अपनी नई गुलेल जरूर दिखाई। उसने यह पक्का कर लिया कि टुरुक उसकी गुलेल को जरूर देखे।

THERE LIVED IN ANOTHER COUNTRY A MAN CALLED SAMSUM WHO MADE WEAPONS. SAMSUN SOLD GURUK A BIGGER CATAPULT THAT COULD BE USED TO THROW BIG STONES.

THESE STONES COULD BREAK HOUSES WHEN THEY FELL ON THEM.



एक दूसरे देश में एक और आदमी रहता था।

उसका नाम सैमसम था और वह हथियार बनाता था। सैमसैम ने गुरुक को एक बहुत बड़ी गुलेल बेची जिससे बहुत भारी-भारी पत्थरों को फेंका जा सकता था। अगर ये पत्थर घरों पर गिरते तो उनको चकनाचूर कर देते।

---

GURUK WAS VERY PLEASED. HE SAT DOWN HAPPILY WITH HIS HOOKAH AND SMOKED.

A GURGLING SONG CAME OUT OF THE HOOKAH:

“GURUK, GURUK, GURUK,

TURUK IS A KURUK.”

BY ‘KURUK’ THE HOOKAH OF COURSE MEANT ‘CROOK”.



गुरुक बहुत खुश हुआ।

वो आराम से बैठकर खुशी-खुशी अपना हुक्का पीने लगा। हुक्के के अंदर से गुड़गुड़ाने की आवाज आई -

गुरुक टुरुक गुरुक

टुरुक है पक्का कुरुक

हुक्के के गाने का मतलब था कि गुरुक धोखेबाज और चोर है।


TURUK HEARD THE SONG. HE WAS VERY UPSET AND WENT TO TOMTOM. TOMTOM HAD DEVELOPED A NEW WEAPON. HE CALLED IT A CANNON.

YOU COULD STUFF SOME GUNPOWDER INTO IT AND PLACE A HUGE IRON BALL INSIDE.

AS SOON AS YOU SET FIRE TO THE POWDER IT WOULD EXPLODE. THE IRON BALL WOULD SHOOT AND GO A LONG DISTANCE.

"IT CAN DESTROY MANY HOUSES AND KILL MANY PEOPLE," SAID TOMTOM.

TURUK PAID TOMTOM A LOT OF MONEY AND BOUGHT THE CANNON.



टुरुक ने जब यह गाना सुना तो वह परेशान हो गया। वह सीधा टौमटौम के पास गया। टौमटौम ने एक नया हथियार बनाया था - एक तरह की तोप। तोप की नली में बारूद के साथ लोहे का एक बड़ा गोला ठूंसा जाता था। फिर आग लगते ही बारूद में विस्फोट होता और उसमें से गोला दनदनाता हुआ बाहर निकलकर बहुत दूर जाकर गिरता।

'इससे तमाम घरों को तबाह किया जा सकता है और बहुत सारे लोगों को मारा जा सकता है,' टौमटौम ने कहा।

टुरुक ने टौमटौम को बहुत सारा पैसा देकर तोप खरीद ली।

---

TURUK PLACED THE CANNON NEAR THE WALL THAT SEPARATED HIS LAND FROM GURUK'S LAND AND POINTED IT TOWARDS GURUK'S HOUSE.

HE SANG LOUDLY SO THAT GURUK COULD HEAR THE SONG WHICH WENT:

"I AM THE KING, I AM THE KING,

I HAVE A CANNON AND GURUK HAS A SLING."




टुरुक ने तोप को दोनों देशों को बांटने वाली दीवार के पास रखा। उसने तोप का मुंह गुरुक के घर की ओर किया।

फिर उसने जोर-जोर से गाना शुरू किया जिससे कि गुरुक उसके गाने को सुन सके। गाना था:

'मैं हूं बादशाह, मैं हूं नरेश,
मेरे पास तो तोप है।,
गुरुक के पास गुलेल!'

**GURUK HEARD THE SONG. HE DID NOT KNOW WHAT A CANNON WAS. HE WENT TO SAMSUM WHO GAVE GURUK A BIGGER CANNON AND TOLD HIM HOW IT COULD DESTROY HOUSES AND HUMAN BEINGS. GURUK PAID SAMSUM A LOT OF MONEY AND BROUGHT THE CANNON HOME.**




गुरुक ने गाना सुना। तोप क्या होती है यह उसे पता नहीं था। वो तुरंत सैमसैम के पास गया। सैमसैम ने उसे एक बहुत बड़ी तोप दी जो ज्यादा घरों को तबाह कर सकती थी। बहुत सारे लोगों को मार सकती थी। गुरुक ने सैमसैम को बहुत सारा धन दिया और तोप लेकर घर आ गया।

---

**AND SO IT WENT. ON AND ON.**

**GURUK AND TURUK, THE RIGHT-HANDED AND LEFT-HANDED BROTHERS WHO LOVED EACH OTHER ONCE, HATED EACH OTHER NOW.**




इस तरह साल-दर-साल यही सिलसिला चलता रहा।

गुरुक और टुरुक, दाएं और बाएं हाथ से काम करने वाल दो भाई , जो कभी एक-दूसरे को बहुत प्यार करते थे, अब एक-दूसरे से नफरत करने लगे।

**THE WALL THAT SEPARATED THEIR LANDS HAD CANNONS AND GUNS AND ALL SORTS OF WEAPONS POINTING AT EACH OTHER.**

**RIGHT-HANDED SOLDIERS AND LEFT-HANDED SOLDIERS WEARING UNIFORMS GUARDED THE WALL ON EITHER SIDE.**



उनके देशों के बीच की दीवार के दोनों ओर अब तरह-तरह के हथियारों का जमघट था। दोनों ओर तोपें तनी थीं। वर्दी पहने, बाएं हाथ वाले फौजी और दाएं हाथ वाले सैनिक दीवार के दोनों ओर, अपने-अपने देश की सुरक्षा के लिए तैनात थे।

---

**A LOT OF MONEY HAD TO BE SPENT TO BUY WEAPONS AND UNIFORMS AND PAY THE SOLDIERS.**

**BOTH GURUK AND TURUK BECAME POORER AND POORER AS TOMTOM AND SAMSUM BECAME RICHER AND RICHER.**



इन तमाम हथियारों को खरीदने और सैनिकों को तनख्वाह देने में बहुत सारा पैसा खर्च करना पड़ता था। इससे एक ओर गुरुक और टुरुक गरीब हो गए। दूसरी ओर टौमटौम और सैमसैम एकदम मालामाल हो गए।

THE WALL THAT SEPARATED CHINCHIN AND CHINCHUN HAD BROKEN AT A CERTAIN PLACE AND THERE WAS A BIG HOLE. CHILDREN FROM ONE SIDE WOULD GO TO THE OTHER SIDE AND PLAY WHEN THE ELDERS WERE NOT LOOKING.





चिनचिन और चिनचुन को बांटने वाली दीवार एक जगह से कमजोर हो गई थी। उसमें एक बड़ा-सा छेद हो गया था। सिपाहियों और बड़ों की निगाह बचाकर दोनों तरफ के बच्चे इस छेद में से एक-दूसरे के साथ खेलते।

---

THESE CHILDREN DID NOT KNOW THAT BY NOW THE CLEVER MEN OF CHINCHIN AND CHINCHUN HAD FOUND OUT HOW TOMTOM AND SAMSUM HAD MADE SPECIAL BOMBS THAT COULD COMPLETELY DESTROY A COUNTRY.

THESE CLEVER MEN ALSO WORKED HARD AND MADE THE SAME KIND OF BOMBS.

GURUK TOLD HIS PEOPLE, “WHEN I DROP THIS BOMB ON CHINCHUN, EVERYONE WILL DIE INSTANTLY. IT WILL BE SO HOT THAT EARTH WILL MELT LIKE BUTTER.”

“HURRAH!,” SAID THE PEOPLE OF CHINCHIN.




इन बच्चों को एक बात नहीं पता थी। चिनचिन और चिनचुन के होशियार लोगों ने यह पता लगा लिया थाप कि टौमटौम और सैमसम ने किस तरह ऐसे बेहतर और ताकतवर बम बना लिए थे जिनसे पूरे के पूरे देशों को नष्ट किया जा सकता था।

दोनों देशों के होशियार लोगों ने भी बहुत मेहनत करके उसी तरह के बम बना लिए थे। गुरुक ने अपने देशवासियों से कहा, ‘जब मैं चिनचुन पर यह बम गिराऊंगा तब वहां पलक झपकते ही सारे लोग मर जाएंगे। वहां पर इतनी गर्मी पैदा होगी कि धरती मक्खन की तरह पिघलने लगेगी।’

‘वाह!’ चिनचिन के लोग जोर से चिल्लाए।

TURUK TOLD HIS PEOPLE, "WHEN I DROP THIS BOMB ON CHINCHIN, EVERYTHING WILL MELT. EVERYONE WILL DIE AND THERE WILL NOT BE ANY OF THESE RIGHT-HANDED PEOPLE TO THREATEN US. FOR YEARS AND YEARS NOT A BLADE OF GRASS WILL GROW THERE."

"HURRAH!," CRIED THE PEOPLE OF CHINCHUN.



टुरुक ने अपने देशवासियों को समझाया, 'जब मैं इस बम को चिनचिन पर गिराऊंगा तो वहां हरेक चीज पिघल जाएगी। वहां पर सब लोग मर जाएंगे और फिर कोई बाएं हाथ वाला आदमी हमें धमकाने के लिए नहीं बचेगा। वहां पर वर्षों तक घास का तिनका तक नहीं उगेगा।'

'वाह!' चिनचुन के लोग जोर से चिल्लाए।

---

THE CHILDREN DID NOT UNDERSTAND ALL THIS.

AS EVENING FELL THE CHILDREN FROM CHINCHIN AND CHINCHUN GATHERED NEAR THE BIG HOLE IN THE WALL. CHILDREN FROM CHINCHIN STRETCHED THEIR RIGHT HANDS AND HELD THE LEFT HANDS OF THE CHILDREN FROM CHINCHUN.

THEY WERE SCARED. THEY DID NOT KNOW WHAT IT MEANT TO MELT LIKE BUTTER.



बच्चों को यह सब पल्ले नहीं पड़ा। शाम होते ही चिनचिन और चिनचुन के बच्चे दीवार के बड़े छेद के पास इकट्ठे हुए। चिनचिन के बच्चों ने अपने बाएं हाथ बढ़ाए और चिनचुन के बच्चों के दाएं हाथों को थाम लिया। बच्चे सहमें और भयभीत थे।

मक्खन की तरह पिघलना क्या होता है, यह उन्हें नहीं मालूम था।

" IF WE MELT, WE WILL HAVE NO HANDS AND THERE WON'T BE LEFT-HANDED CHILDREN AND RIGHT-HANDED CHILDREN. WE SHALL ALL BE THE SAME," SAID KINGSHUK FROM CHINCHIN.

"HOW DOES IT MATTER ? WE SHALL ALL BE DEAD, DON'T YOU SEE ?" ASKED RUKMA FROM CHINCHUN.

"WE WILL BE DEAD ANYWAY. I HAVEN'T EATEN FOR TWO DAYS," SAID A YOUNG BOY AND NO ONE KNEW WHETHER HE WAS FROM CHINCHIN OR CHINCHUN.



अगर हम पिघल गये तो हमारे हाथ भी नहीं बचेंगे। तब हम सब एक-जैसे हो जायेंगे,' चिनचिन के किंशुक ने कहा।

'इससे क्या फर्क पड़ेगा? तब तक तो हम सभी लोग मर जाएंगे, है न?' चिनचुन की रुक्मा ने पूछा।

'वैसे भी हम लोग मरेंगे ही। मैंने दो दिन से कुछ भी नहीं खाया है।' एक छोटे लड़के ने कहा। यह पता नहीं चला कि वो छोटा लड़का, चिनचिन का था या चिनचुन का।

---

FROM THE WINDOWS OF THEIR HOUSES GURUK AND TURUK SAW THESE CHILDREN HUDDLED TOGETHER.

THE SOLDIERS WERE GOING TO CATCH THE CHILDREN BUT THE TWO BROTHERS PREVENTED THEM.

THEY CAME OUT OF THEIR HOUSES AND AS THEY STOOD ON EITHER SIDE OF THE WALL, NEAR THE HOLE, GURUK AND TURUK LOOKED AT EACH OTHER.



अपने-अपने घर की खिड़कियों से गुरुक और टुरुक ने बच्चों की इस भीड़ को देखा। सिपाही बच्चों को पकड़ने ही वाले थे, परंतु दोनों भाइयों ने उन्हें रोक लिया।

दोनों भाई अपने घरों से बाहर आए और दीवार के छेद के दोनों ओर आकर खड़े हो गए। गुरुक और टुरुक दोनों एक-दूसरे को काफी देर तक टकटकी लगाए देखते रहे।

**IT WAS THE FIRST TIME THEY HAD MET AND SEEN EACH OTHER FOR MANY YEARS. AS THEY KEPT LOOKING THEY REMEMBERED THOSE DAYS WHEN THEY LIVED TOGETHER AND LOVED EACH OTHER.**

**“WHAT HAVE WE DONE TO OURSELVES ?” THEY CRIED OUT AND TEARS WELLED UP IN THEIR EYES.**

**GURUK AND TURUK STRETCHED OUT BOTH THEIR HANDS AND THEY EMBRACED EACH OTHER.**

**“WE SHALL DESTROY ALL OUR WEAPONS AND BOMBS AND WILL LIVE AS WE USED TO LIVE BEFORE,” THEY SAID.**

**THE CHILDREN COULD NOT BELICVE WHAT THEY SAW. AT FIRST THEY WERE SCARED AND THEN THEY BEGAN TO LAUGH LOUDER AND LOUDER.**

**PEOPLE FROM BOTH SIDES JOINED THEM AND EVERYONE LAUGHED AND THEN .....**



सालों बाद, यह पहला मौका था जब वे एक-दूसरे से मिल रहे थे। वे बस एक-दूसरे को देखते रहे। उन्हें वो सुनहरे दिन याद आने लगे जब वे साथ रहते थे और एक-दूसरे से प्यार करते थे।

‘हमने अपना क्या हाल कर लिया है,’ दोनों भाई चिल्लाए और उनकी आंखों से आंसू बहने लगे।

गुरुक और टुरुक दोनों ने अपने हाथ बढ़ाए ओर एक-दूसरे के गले लग गए। ‘हम अपने सारे हथियार और बम नष्ट कर देंगे और फिर उसी तरह रहेंगे जैसे हम पहले रहते थे,’ उन्होंने कहा।

बच्चों को यह नजारा देखकर अपनी आंखों पर यकीन नहीं हुआ। पहले तो बच्चे थोड़ा सा घबराए। लेकिन फिर वो हंसने लगे, पहले धीरे से और फिर जोर-जोर से।

दोनों तरफ के लोग भी इस खुशी में शामिल हुए और खुशी से हंसने लगे।

फिर....

THE CHILDREN MADE A RING

AND THEY BEGAN TO SING

AND DANCE IN JOY AND GLEE,



बच्चों ने एक गोला बनाया
और खुशी का गाना गाया
फिर नाच-कूद की होड़ लगाई।

---

THE ELDERS LAUGHED AND CRIED,

TILL THEIR TEARS ALL DRIED,

AND LOVE MADE HATRED FLEE.



हंसते-रोते, नंगे-भूखे
खुशी से सबसे आंसू सूखे
प्रेम ने जंग की आग बुझाई।

---

WRITTEN BY PROF. D.P. SENGUPTA

3, N.T.I. LAYOUT, R.M.V. N0. 2, BANGALORE 560094, INDIA

sengupta@quantum.edu

sengupta@bgl.vsnl.net.in